## खबर संक्षेप

### जर्जर शासकीय भवनों को करें जीर्ण शीर्ण घोषितः कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में अत्यधिक जर्जर तथा पुराने भवन जिन्हे गिराया जा कर इनके स्थान पर अतिरिक्त कक्ष नवीन शाला भवन बनाया जाना प्रस्तावित है, को 15 दिवस के भीतर जीर्ण शीर्ण घोषित करने की कार्यवाही पूरी करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को दिए है। उन्होंने आदेश में कहा है कि वर्षाकाल में जर्जर जीर्ण-शीर्ण भवनो के गिरने की आंशका बढ जाती है इससे बचने के लिए आवश्यक है कि उन भवनो को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही की जाए।

### अस्पताल से नवजात शिशु की मां को छुट्टी होने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**शहडोल।** प्रसव के बाद अस्पताल से माँ की छुट्टी होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र जारी हो जाए। मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) एवं आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ऋषि गर्ग ने इस आशय के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के अपने प्रयास में, भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय ने नागरिक पंजीकरण प्रणाली में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसमें जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 में संशोधन, राज्य जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियमों में संगत संशोधन, एक नए केंद्रीय सीआरएस पोर्टल का विकास आदि शामिल हैं। जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह समय की मांग है कि यह प्रमाण पत्र नवजात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाए, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक होते हैं। जन्म प्रमाण-पत्र अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राज्य शासन के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा अस्पताल में ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे जन साधारण को अपने शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

### 30 जून से 01 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर प्रतिबंध

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मानसून सीजन में 30 जून से 01 अक्टूबर तक जिल में संचालित रेत खदानों में रेत उत्खनन पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी किया है। जिले में स्थित नदियों से 30 जून 2025 से 01 अक्टूबर 2025 तक रेत खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### वर्षाकाल में नदी, नालों एवं जल स्त्रोतों से दूर रहने की की अपील



**शहडोल।** वर्षाकाल प्रारंभ हो गया है, जिले में विभिन्न क्षेत्रो में बारिश भी दर्ज की जा रही है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलावासियों से अपील की है कि वर्षाकाल में जल भराव वाले क्षेत्रो की जानकारी रखें तथा जल भराव होने पर सतर्कता बरते तथा दूर रहें। उन्होंने अपील की है कि नदी, नालो एवं जल स्त्रोतो में जल का स्तर बढ़ रहा है। जान माल की सुरक्षा हेतु जरूरी है कि लोग एहतियात बरते, जल स्त्रोतो के आसपास जाने से बचे, खासतौर पर बच्चों को जल स्त्रोतो के पास नही जाने दें। पुल पुलियों में खतरे के निशान से ऊपर पानी आने पर न तो स्वयं और न ही वाहनों को पार कराएं। बाढ़ आपदा की स्थिति होने पर संबंधित थानो, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय तथा एसडीएम कार्यालय को सूचित करें। ऐसे क्षेत्रों की लगातार निगरानी करते रहें।

### बाजार में सक्रिय गुर्गे, जीवन ही लील रहे सूदखोर

# सूदखोरों के जाल में फंसी हंसती खेलती जिंदगियां

**शहडोल।** सूदखोरों के मकडज़ाल में फंसकर कई हंसती खेलती जिंदगियां तबाह हो रही है, कोई इनके 10 प्रतिशत ब्याज वाले कर्ज से उद्यमी बनने का सपना देख रहा हैं तो, कोई बच्चों की पढ़ाई करा रहा है, ऐसा नहीं है कि ये लोग कर्ज चुका नहीं रहे, बल्कि लोग कर्ज से कई गुना ब्याज दे चुके हैं, लेकिन न जाने कौन सा गणित सूदखोरों द्वारा लगाया जाता है, जिसके बाद कर्ज लेने वाला पाई-पाई बेचकर भी मूलधन वापस नहीं कर पाता। जिले में सूदखोरी प्रतिबंधित है, पुलिस शिकायतों पर कार्रवाई भी करती है, लेकिन सूद के इस धंधे में कर्ज लेने वाले भी खामोश रहते हैं, यही वजह है कि यह धंधा हर जगह खूब फल-फूल रहा है, सूदखोरी के इन धंधेबाजों ने बड़े कायदे से अपना जाल बुना है। पहले कर्ज लिए आदमी को खूब परेशान करते हैं, इसके बाद दूसरा सूदखोर मददगार बनकर आता है और वह ब्याज चुकाने को नया कर्ज दे देता है। उलझन में पड़ा आदमी दूसरा कर्ज लेकर पहले कर्ज का ब्याज चुकाता है। अभी वह सांस भी नहीं ले पाता, तब तक दो कर्जों का ब्याज एक साथ चुकाने का दबाव पडऩा शुरू होता है। अब यहां से उसकी व्यवस्था बिगडऩे लगती है। आय के स्त्रोत दुकान, खेती पर नजर गड़ाए सूदखोर वहां अपना कब्जा जमाते हैं, जिससे किस्त टूटनी शुरू होती है। इसके बाद ब्याज का ब्याज ही मूलधन से कई गुना अधिक हो जाता है और आदमी कर्जों के इस मकडज़ाल से बाहर निकलने के बाद मकान, दुकान, जमीन बेचने को मजबूर हो जाता है।



#### बाजार में गुर्गे सक्रिय

जिले की हर गली में सूदखोरी का धंधा फल-फूल रहा है, सूद का धंधा करने वालों के गुर्गे बाजार में सक्रिय रहते हैं। छोटे कारोबारियों से मेलजोल बढ़ाना इनका उद्देश्य होता है। कारोबार के दौरान कभी रुपयों की जरूरत पडऩे पर सूदखोरों के गुर्गे मदद करने के झांसे में लेकर उन्हें सूदखोरों से कर्ज दिला देते हैं। एक बार कर्ज लेने के बाद इनके मकडज़ाल से उबर पाना कारोबारी के लिए आसान नहीं होता। यदि किसी महीने कारोबारी ब्याज नहीं दे पाता तो, सूदखोर उसे भी मूलधन में जोडक़र ब्याज वसूलने लगते हैं।

#### ऐसे चल रहा कुचक्र

बच्चों को पढ़ाने, इंजीनियर, डॉक्टर, कलेक्टर, आईपीएस बनाने के साथ परिवार को पालने की कोशिश लोगों को 10 प्रतिशत ब्याज वाले सूदखोरों के जाल में फंसा रही। ऐसा भी नहीं है कि उधार रुपया लेने वाले लोग कर्ज चुका नहीं रहे। लोग कर्ज से कई गुना ज्यादा ब्याज दे चुके, लेकिन अब भी समाज में फिल्म मदर इंडिया के सुक्खीलाला जैसे कैरेक्टर जिंदा हैं, जो लोगों को जाने कौन से ब्याज के गणित में उलझा कर उनका जीवन ही लील रहे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि ऐसे हाल संभाग मुख्यालय से गांव तक एक से हैं। बस सुक्खीलाला की जगह दुर्गेश, टेढक़ा, आलम, मनीष के नाम इस कारोबार में शामिल है।

#### 10 प्रतिशत प्रतिमाह तक लेते हैं ब्याज

जरूरतमंदों को कर्ज देकर उनसे बाकायदा स्टाम्प पर लिखवा लिया जाता है। कुछ कर्ज के बदले तीन से पांच प्रतिशत महीना ब्याज तय करते हैं तो, कुछ 10 प्रतिशत तक। कुछ स्थानों पर तो दिन के आधार पर सूदखोर कर्ज दे देते हैं। मसलन ठेले-खोमचे वालों को सूदखोर सुबह 1000 से 2000 रुपये देते हैं और शाम तक 200 से 400 रुपये तक अधिक वसूल लेते हैं। अवैध तरीके से सूद का धंधा करने वाले मनबढ़ ब्याज की रकम जोडक़र कर्ज इतना ज्यादा बढ़ा देते हैं कि कर्जदार परेशान हो जाते हैं। जागरूक लोगों ने कप्तान से मांग की है कि दल गठित कर मामले की जांच कर कार्यवाही की जाये।

# सीएमपीएफ कार्यालय में लंबित विधवा पेंशन प्रकरणों पर उबाल

### श्रमिक संगठनों ने चेताया, जल्द निराकरण नहीं तो, होगा विरोध



**शहडोल।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विधवाओं को पेंशन के लिए भटकते वर्षों बीत गए, लेकिन समाधान अब तक नहीं मिल पाया है। क्षेत्र के लगभग 50 से 55 विधवा पेंशन प्रकरण जबलपुर स्थित सीएमपीएफ कार्यालय में बीते छह माह से ढाई वर्ष की अवधि से लंबित पड़े हुए हैं। इन मामलों को लेकर लगातार महाप्रबंधक कार्यालय को मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक संतोषजनक परिणाम सामने नहीं आया है। विशेष रूप से वर्ष 2018 से लंबित एक प्रकरण श्रीमती सरीता कोल का आज भी अपूर्ण है। बताया जा रहा है कि वृद्ध महिला पेंशन न मिलने की स्थिति में भीख मांगकर जीवन बसर कर रही है।

इन हालातों को लेकर इंटक, बीएमएस, एचएमएस, एटक, सीटू समेत एससी-एसटी-ओबीसी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि 30 जून 2025 तक सभी प्रकरणों का निराकरण नहीं होता, तो सम्मान समारोह के अवसर पर सीएमपीएफ आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा एवं समस्त विधवा महिलाएं और श्रमिक संगठन मिलकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस बीच महाप्रबंधक पी. श्रीकृष्णा ने गंभीरता दिखाते हुए मानव संसाधन प्रबंधक अजीत कुमार पाण्डेय को 24 जून को सीएमपीएफ कार्यालय, जबलपुर भेजा है। पाण्डेय आगामी दो-तीन दिन तक जबलपुर कार्यालय में मौजूद रहकर सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिकारियों से चर्चा करेंगे। महाप्रबंधक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो सीधे मुझसे संपर्क करें, आवश्यकता पडऩे पर मैं स्वयं सीएमपीएफ आयुक्त से चर्चा करूंगा। इधर, इंटक नेता रामेश्वर गौतम द्वारा इस विषय पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। संगठनों ने उनके इस संजीदा और सक्रिय हस्तक्षेप की सराहना की है। गौतम का कहना है कि विधवा महिलाओं की पेंशन अधिकार से जुड़ा विषय है, इसे लटकाना अमानवीय है। हम इसके निराकरण तक पीछे नहीं हटेंगे।

# पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा



**शहडोल।** पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोहपारू जनपद पंचायत ग्राम पंचायत बरमनिया सहित अन्य ग्राम पंचायतो में नवीन खेत तालाब निर्माण के कार्य किए गए।



## नाले में मिला नवजात, हालत गंभीर

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ा छादा से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां गांव के समीप एक नाले में दो दिन का नवजात बच्चा मिला, जिसे स्थानीय लोगों ने देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात को 108 एंबुलेंस की मदद से नौरोजाबाद अस्पताल पहुंचाया गया। जहां, प्राथमिक उपचार बाद डॉक्टरों ने बच्चे की हालत को देखते हुए उसे पाली अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, नवजात बेहद कमजोर था, यहां तक कि रो भी नहीं पा रहा था। अब पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आस-पास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर इस नवजात को नाले में किसने छोड़ा। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 317 (नाबालिग को परित्यक्त करने) सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# सर्पदंश से ग्रसित व्यक्ति को शीघ्र ले जाएं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र



### वन्य जीवों की सुरक्षा एवं जनहानि रोकने संबंधी बैठक संपन्न

**शहडोल।** टाइगर रिजर्वों के कोर एवं बफर क्षेत्रों में वन्य जीवों की सुरक्षा एवं जन हानि रोकने संबंधी बैठक कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उत्तर वन मंडलाधिकारी तरूणा वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगो को वन्य जीवों से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाए तथा वन्य जीवो के मूवमेंट होने पर ग्रामीणों को जानकारी दी जाए, उन्हें वन्य जीवों के आसपास नही जाने की समझाइश दी जाए। सामान्य तौर पर वन्य जीव टाइगर रिजर्वों के कोर एवं बफर क्षेत्रों में भ्रमण करते है। इस दौरान लोग भयभीत होकर वन्य जीवों के आस पास एकत्र हो जाते है, जिससे वन्य जीव आक्रमक हो जाते है। इन परिस्थितियों में दूर से उनके मूवमेंट पर नजर रखने तथा इसकी जानकारी वन विभाग के मैदानी अमले को दी जानी चाहिए। इसी तरह वन क्षेत्रो के कोर एवं बफर एरिया में बहुत से कुऐ ऐसे होते है जिनमें मुडेर अथवा फैसिंग नही होती है, रात के अंधरे में वन्य जीव इन कुओ में गिर जाते है कई बार उनकी जान भी चली जाती है इसके लिए आवश्यक है कि ऐसे कुओ का चिन्हाकन कर मनरेगा मद से इन कुओ में मुडेर बनाने या फैसिंग करने की कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल आते ही सर्पदंश की घटनाएं बढ जाती है। जन सामान्य को सलाह दी जानी चाहिए कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। झाडियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के ग_र आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाडियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज़ करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें। घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र नजदीकी अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकडऩे का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे सर्पदंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजय सिंह, वेदमणि मिश्रा सहित वन विभाग के मैदानी अधिकारी उपस्थित रहें।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से दो की मौत

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में बीती रात करीब 1 बजे हुए सडक़ हादसे में जीजा और साले की मौत हो गई। किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा भैंसहा तिराहे के पास हुआ। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार दोनों मृतक विजहा और सेमरा गांव के निवासी थे, वे किसी काम से विजहा से सेमरा जा रहे थे। इस दौरान भैंसहा तिराहे के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, हादसे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि दोनों शव सडक़ पर पड़े थे और पास में ही एक क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी थी। जिन्हें देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर जयसिंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया।

पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है। आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि वाहन की पहचान की जा सके।

#### इनका कहना है...

मामले में मर्ग कायम किया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना कर दी गई है। जल्द ही वाहन और चालक का पता लगा लिया जाएगा।

**अजय बैगा**
**थाना प्रभारी, जयसिंहनगर**

## कप्तान कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों का नहीं हुआ तबादला




**शहडोल।** 4 से 5 सालों से एक ही स्थान पर पदस्थ आरक्षक से लेकर उप निरीक्षकों को 11 जून को अगले 6 दिनों में हटाने के निर्देश जारी हुए थे, पुलिस मुख्यालय ने इसको लेकर सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को यह आदेश राजधानी से जारी हुए थे। पुलिस मुख्यालय ने आदेश दिया था कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात ऐसे सभी आरक्षक से लेकर उप निरीक्षकों को 16 जून तक हटाकर इसकी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजी जाए, गौरतलब है कि इन आदेशों के बावजूद पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ऐसे कर्मचारी हैं, जो वर्षो से अपनी सेवाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दे रहे हैं, लेकिन अब तक उनका तबादला नहीं हो सका। हालाकि बीते सप्ताह जिले में थोक में तबादले हुए थे। पुलिस मुख्यालय एक ही थाने में पदस्थ पुलिस कर्मचारी और अधिकारियों को हटाने के आदेश होने के बाद कई दर्जन पुलिसकर्मी इधर से उधर हुए हैं, लेकिन चर्चा है कि जैतपुर में आज भी कई ऐसे कर्मचारी हैं, जो वर्षो से अपनी सेवाएं इसी क्षेत्र में दे रहे हैं, लेकिन उनका तबादला नहीं हुआ है, इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी कई ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्होंने संभवतः अपनी पदस्थापना के बाद से आज तक किसी थाने में अपनी आमद नहीं दी है, चर्चा है कि कप्तान ऐसे कर्मचारियों की भी सूची बनवा रहे हैं, लेकिन अब तक कार्यवाही न होना राजधानी के आदेशों का उल्लंघन जैसा प्रतीत हो रहा है।

### रोटरी क्लब विराट ने रेल समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।** संभाग की रेलवे संबंधी जन समस्याओं के निवारणार्थ एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए रेलमंत्री तथा बिलासपुर जीएम के नाम पर रोटरी क्लब विराट शहडोल के प्रतिनिधि मंडल द्वारा स्टेशन मास्टर को ज्ञापन दिया गया, जिसमें क्लब के रो.सुशील खोडियर ,रो. दीपक गौतम, रो.अशोक शराफ, रो.महेंद्र शराफ, रो. सी.एम.मेहानी, रो.जयसुख चावडा, रो. प्रकाश ओचानी, रो.देवेन्द्र थारवानी, रो.सतनाम सिंह, रो.जसवीर सिंह, रो.रमीत सिंह, रो.शेखर ढांड,रो.लखन बुचवानी द्वारा सबसे ज्यादा राजस्व प्रदान करने वाले संभाग की उपेक्षा से उत्पन्न हो रहे जनाक्रोश को दूर करने के लिए इस क्षेत्र को जबलपुर जोन मे शामिल करने के निवेदन के साथ शहडोल में वाशिंग पिट का निर्माण करने, जिससे यहां से बनकर ट्रेनों का संचालन सम्भव हो सके, वाशिंग पिट निर्माण के साथ शहडोल से मुंबई ट्रेन चलायी जाए, भोपाल-बिलासपुर 18235 का विस्तार एक्स्प्रेस बनाकर नागपुर तक किया जाए, शहडोल नगर को दक्षिणी महानगरों से जोडऩे के लिए नागपुर ट्रेन का विस्तार बल्लारशाह जंक्शन तक किया जाए, प्रस्तावित बिलासपुर-मुंबई वंदे भारत ट्रेन शहडोल से मुंबई चलाई जाए, शहडोल-जयसिंहनगर ब्योहारी लाइन का कार्य शीघ्र स्वीकृति कर प्रारंभ किया जाए, शहडोल मंडला लाइन का प्रावधान किया जाए।

# आपातकाल की 50 वीं बरसी पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी का हुआ आयोजन

### लोकतंत्र सेनानियों व परिजनों का शाल श्रीफल भेंट कर किया गया सम्मान



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाअध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी व संस्मरण प्रदर्शनी एवं लोक तंत्र सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय किया गया , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे एवं मुख्य वक्ता के रूप में रमनोथ सिंह लोकतंत्र सेनानी, कार्यक्रम की अध्यक्षता व विषय प्रस्तावित के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने प्रस्ताव का वाचन किया। संगोष्ठी कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी नरेंद्र दुबे एवं कामता प्रसाद गौतम ने आपातकाल के समय हुई घटनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं अपने विचार रखें। कार्यक्रम भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर शुरुआत की गई, इस दौरान कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय का 50 वीं बरसी पर संस्मरण प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया प्रदर्शनी अवलोकन के पश्चात संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताओं ने अपना उद्बोधन दिया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्री ओमप्रकाश धुर्वे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने लोकतंत्र सेनानियों मिशाबंधियों का साल श्रीफल भेंट कर इनका किया स्वागत सम्मान मुख्य वक्ता के रूप में पधारे लोकतंत्र सेनानी रामनोथ सिंह, नारायण दास शुक्ला, नरेंद्र दुबे, अरविंद गुप्ता, श्रीमती आशा देवी कटारे पत्नी स्व. कपूर चंद कटारे ,रमेशचंद्र गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता, काशीनाथ कटारे पुत्र राजा कटारे का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन का हुआ पुर्नगठन

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मानीटरिंग कमेटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन का पुर्नगठन किया गया है, जिसमें सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह सचिव, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जनसंपर्क विभाग परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण सदस्य होगे ।

### 27 जून को विद्युत प्रवाह रहेगा बंद

**उमरिया।** कार्यपालन अभियंता संचा0संधा0 मप्रपूक्षेविंकलि ने बताया कि 220 केव्ही उप केंद्र बिरसिंहपुर में 132/33 केव्ही 40 एमव्हीए ईमको ट्रांसफार्मर में सेंकेंड डिफरेंसियल रिले स्थापित किया जाना है। जिस वजह से 27 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होने बताया कि इस दौरान 11 केव्ही मुदरिया एवं गिंजरी फीडर से संबंधित क्षेत्र, 11 केव्ही घुनघुटी बाघमारा एवं पतनार कला फीडर के संबंधित क्षेत्र, 11 केव्ही नौरोजाबाद टाउन छांदाकला एवं पटपरा फीडर से संबंधित क्षेत्र, 11 केव्ही बी एंड ई टाइप, हाईडल, सी एंड डी टाईप, एफ टाईप पाली प्रोजेक्ट एवं हास्पिटल फीडर से संबंधित क्षेत्र तथा 11 केव्ही रहठा घुलघुली से संबंधित समस्त क्षेत्र प्रभावित होगे । आवष्यकता अनुसार समयावधि घटाई एवं बढाई जा सकती है। उपभोक्ताओं से वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देशन में मंगलवार को दोपहर 2 बजे से राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स भागीरथ पटेल और डॉ. अजीत सिंह ने दिया। मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार ने बताया कि जनपद स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जनपद पंचायतों में ग्राम पंचायत से पंजीकृत 3600 जलदूतों को प्रशिक्षित करेंगे । जनपद पंचायतो से लक्ष्य अनुसार माय भारत पोर्टल पर जल दूतों का पंजीयन कराया गया था। इन्हीं जलदूतों को प्रशिक्षित किया जाना है। जलदूत ऐप से ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल स्तर की गुणवत्ता की निगरानी करने और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में इन जलदूतों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी । प्रशिक्षण के दौरान सभी जनपदों के मनरेगा, आजीविका मिशन, जन अभियान परिषद से अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नाली निर्माण नहीं होने से भर रहा गंदा पानी

**सिलौंडी।** सिलौंडी से बिजापुरी मार्ग बनाने वाले ठेकेदार ने सिलौंडी गल्ला बाजार से बालाजी मार्ग तक नाली का निर्माण नही किया है जिसके कारण पानी निकासी में दिक्कत हो रही है। मानसून की पहली बारिश में ही सड़को में पानी बहने लगा और श्री राम मंदिर के दरवाजे में गंदा पानी भर गया जिसके कारण अनेक भक्त दर्शन के बिना ही लौट गए है। ग्रामीणों ने बताया ठेकेदार ने सिलौंडी में लगभग 100 मीटर नाली नही बनाई है जिसके कारण पानी निकासी में बहुत बहुत परेशानी हो रही है गंदा पानी सड़को में बह रहा है । ठेकेदार ने ग्राम नेगाई में भी लगभग 200 मीटर सीसी रोड़ और नाली नही बनाई है। प्रशासन से अनेक बार शिकायत होने के बाद भी ठेकेदार पर कोई करवाई नही हो रही है । नाली नही होने के कारण राम मंदिर के दरवाजे में गंदे पानी भर रहा है।

### समग्र ई. के.वाय.सी की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता के निर्देश पर समग्र ई. के.वाय.सी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में किया गया है। उक्त संबंध में उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बैठक में सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, योजना प्रभारी, राजस्व उपनिरीक्षक, वार्ड वसूली कर्ता, वार्ड दरोगा, कम्प्यूटर ऑपरेटर आउटसोर्स नगर पालिक निगम कटनी, सेल्समैन उचित मूल्य दुकान, सर्व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को नियत समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

## पहली बारिश में टपकने लगी छत, उच्च स्तरीय जांच की हुई मांग

# महाविद्यालय भवन की मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार

**उमरिया।** जिले में शिक्षा के नाम पर किये गए भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ इन दिनों हुई पहली बारिश ने कर दिया। शासकीय महाविद्यालय में मरम्मत के नाम पर तकरीबन चालीस लाख रुपये का कार्य हुआ, और उस मरम्मत कार्य की पोल पहली बारिश ने खोल दिया, जिससे बारिश की वजह से उधड़ा हुआ कॉलेज भवन घोटाले की मिसाल बन गया है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा महाविद्यालय में मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने की लूट का एक मामला सामने आया है, जो सीधे छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है।



### यह है मामला

जिले में भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला सामने आया है। उमरिया कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित प्रधानमंत्री ऑफ एक्सीलेंस शासकीय रण विजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर के भवन की मरम्मत के नाम पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में लोक निर्माण विभाग को दिए गए 40 लाख का दुरुपयोग किया गया है। खबर है यह मरम्मत कार्य तत्कालीन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चंद्रभान सिंह सोंधिया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ई.ई. गायकवाड़ की निगरानी में किया गया था, लेकिन हाल की पहली ही बारिश में कॉलेज की छत से पानी टपकने लगा, जिससे रिकॉर्ड रूम, पुस्तकालय और अन्य कक्षों में पानी भर गया।



### जांच की मांग

जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। फिलहाल इस मामले में अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, न ही किसी अधिकारी ने स्थिति का स्थल निरीक्षण किया है। इससे प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। सरकारी धन का इस प्रकार दुरुपयोग न केवल भ्रष्टाचार को उजागर करता है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक भी है। अब यह देखना शेष है कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है। क्या यह मामला भी फाइलों में दफन हो जाएगा या कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

### तो क्या कागजों में हो गया मरम्मत

लोगों का कहना है कि मरम्मत का कार्य केवल कागजों पर दिखाया गया, जबकि वास्तविक रूप से भवन की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं महज पुताई करवाकर भवन को चमकाने का प्रयास किया गया और इससे यह स्पष्ट होता है कि कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार किया गया है। इससे कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भी इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। नाम न छापने की शर्त पर एक छात्रा ने बताया, कि बारिश के समय हमें पढ़ाई छोडक़र छत से गिरते पानी से बचने की कोशिश करनी पड़ती है। लाइब्रेरी की किताबें भीग गई हैं। ऐसे माहौल में हम छात्रों को पढ़ाई करने में समस्या आती है।



## सात पंचायत सचिवों पर शास्ति अधिरोपित

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला रजिस्ट्रार जिला योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग ने बताया कि जनपद पंचायत पाली के चार पंचायत सचिवो, पाली जनपद पंचायत के दो पंचायत सचिवो तथा मानपुर जनपद पंचायत एक पंचायत सचिव व्दारा प्रकरण का निराकरण निर्धारित समय सीमा में नही किए जाने पर प्रकरण लोक सेवा गारंटी पोर्टल पर समय सीमा बाह्य प्रदर्शित होने पर शस्ति अधिरोपित किया गया है। जिन सात पंचायत सचिवों पर शस्ति अधिरोपित किया गया है उनमें गेंद सिंह सचिव ग्राम पंचायत कल्दा जनपद पंचायत करकेली पर एक हजार रूपये, दुर्गा देवी परस्ते सचिव ग्राम पंचायत करकेली जनपद पंचायत करकेली पर पांच सौ रूपये, भगवानदीन बैगा ग्राम पंचायत देवरी जनपद पंचायत करकेली पर पांच सौ रूपये, कल्याण सिंह सचिव ग्राम पंचायत धमनी जनपद पंचायत करकेली पर सात सौ पचास रूपये, शैलेन्द्र तिवारी सचिव ग्राम पंचायत धौरई जनपद पंचायत पाली पर दो सौ पचास रूपये, राम प्रसाद पनिका सचिव ग्राम पंचायत बरदढार जनपद पंचायत पाली पर दो सौ पचास रूपये तथा ब्रजनाथ गुप्ता सचिव ग्राम पंचायत रथेली जनपद पंचायत मानपुर पर सात सौ पचास रूपये का शस्ति अधिरोपित शामिल है ।

## संविधान हत्या दिवस पर सामुदायिक भवन में कार्यक्रम संपन्न







**उमरिया।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया गया है। इस संबंध में 25 जून से एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह एक वर्षीय अभियान संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु जनजागरण के प्रति समर्पित रहेगा। उक्त आशय के विचार विधायक शिवनारायण सिंह ने सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत में 25 जून 1975 को लागू आपातकाल लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना गया है। इस दौरान केन्द्रीय सत्ता द्वारा नागरिक स्वतंत्रता का निलंबन, मौलिक अधिकारों का हनन, संवैधानिक प्रावधानों की उपेक्षा और दमनकारी कार्यवाहियाँ चरम पर थीं। संविधान हत्या दिवस से वर्ष भर होने वाले आयोजनों के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्मित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस पर युवाओं, विद्यार्थियों, प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से संगोष्ठियाँ, संवाद, निबंध प्रतियोगिता, रैलियाँ और अन्य गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। इससे लोकतांत्रिक चेतना का विस्तार हो सकेगा। यह एक वर्षीय आयोजन आपातकाल की ऐतिहासिक त्रासदी की दुखद अनुभूतियों के दृष्टिगत सांविधानिक नैतिकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति नवीन प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश शर्मा ने कहा कि संविधान हमारे के लिए सर्वोपरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान के आधार पर देश को चला रहे है । कार्यक्रम को डॉ. नियाज अहमद अंसारी , राजेन्द्र पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आपातकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह , उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. के.के.पांडे, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जिला समन्वयक मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन चंद्रभान सिंह, पार्षद सविता सोधियां, शिवमंगल सिंह, जिला आबकारी अधिकारी , जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी स्वास्थ्य विभाग की टीम व्दारा किया गया तथा दवाईयों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण षिविर का अवलोकन विधायक बांधवग? षिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अतिथियों ने किया। आभार सीईओ जिला पंचायत ने किया । कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सुशील मिश्रा ने किया ।



## धरती आबा अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में शिविर संपन्न

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी ने बताया कि धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जातीय समुदायो को सशक्त बनाने के लिए 15 जून से जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में कैंप का आयोजन प्रारंभ हो गया है। उन्होने बताया कि 25 जून को करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत बोदली मे शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बोदली, बावलकुंड, कठौतिया, धमनी, करही, कछारी कर्री के ग्रामीण जन शामिल हुए। पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत तिवनी में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत तिवनी, बुडना, सुंदरदादर , कुरकुचा के ग्रामीण जन शामिल हुए । मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बिजौरी मे आयोजित शिविर में चेचपुर, मल्हार, मरईकला, नेउसी, समरकोइनी , सेहरा के ग्रामीण जन शामिल हुए । उपस्थित जनों को शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि 26 जून को करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत कोलौनी, मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बल्हौढ़ में शिविर का आयोजन किया गया है ।

## बस की टक्कर से घायल मासूम का चल रहा इलाज

### हर संभव मदद का आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** मंगलवार की दोपहर भालूमाडा कदम टोला के पास निजी स्कूल बस के कुचल जाने से 4 वर्षीय मासूम रोहिणी केवट का एक पाव बुरी तरह टूट गया है। जिला अस्पताल अनूपपुर के बाद मेडिकल कॉलेज शहडोल में संतोषजनक उपचार न मिलने पर परिजनों एवं समाजसेवियों की मदद से शहडोल के निजी अस्पताल में भर्ती कराते हुए एक ऑपरेशन कराया गया। 3 दिन बाद भी ऑपरेशन करने को डॉक्टर द्वारा कहा गया है। डॉक्टरों की एक टीम लगातार मासूम की हालत पर नजर रखे हुए है। परिवार की आर्थिक हालत बहुत अच्छी न होने के कारण भालूमाड़ा के समाजसेवियों द्वारा पहल करते हुए इलाज में सहयोग दिया जा रहा है। दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन द्वारा भी बच्चों के उपचार में हर संभव मदद देने की बात कही जा रही है। पुलिस ने बस को जप्त करते हुए आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के साथ बच्ची के गंभीर घायल होने को लेकर भी विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। घटना के दूसरे दिन भी पुलिस एएसआई विनोद द्विवेदी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों एवं पास पड़ोस में रहने वालों के कथन दर्ज करते हुए नक्शा पंचनामा की कार्यवाही की गई। भालूमाड़ा के समाजसेवी विक्की अभिषेक सिंह शहडोल पहुंचकर मासूम के स्वास्थ्य की जानकारी लेने हुए डॉक्टर से ऑपरेशन के बारे चर्चा किया। परिजनों से मिलकर बेहतर उपचार कराने का आश्वासन दिया।



## गली मोहल्ले में शराब ठेकेदार बिकवा रहा अवैध शराब

### शायद शराब ठेकेदार के अनुसार ही काम कर रहा सरकारी सिस्टम

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** नगर में भालूमाडा एवं जमुना में अलग अलग दो लाइसेंसी शराब दुकान हैं इसके बाद भी भालूमाडा थाना क्षेत्र के जमुना भालूमाडा, सहित आसपास के लगभग 10 से 12 गांव में ठेकेदार की अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है। जब से नए ठेकेदार का कारोबार चालू हुआ है तब से पूरे क्षेत्र में मानो ऐसा लग रहा है कि शराब शराब न होकर अमृत बन गया है। नगरीय क्षेत्र में हर 10 कदम पर अवैध शराब बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाएगी ग्रामीण क्षेत्रों में तो और भी खराब स्थिति है यहां के आदिवासी बहुल क्षेत्र में कुछ आदिवासी अपने घरों में शराब बनाते हैं पैसे के लालच में उसे बेचते भी हैं और जब इन ठेकेदारों को मालूम पड़ता है कि फला व्यक्ति घर में शराब बन रहा है तो पुलिस और आबकारी की मदद से उनके यहां छापा मार करवाई करवाते हैं और पुलिस और आबकारी वाहवाही लूटते हैं और 10 दिन के बाद ही उसी के आसपास मोहल्ले में ठेकेदार की एक नई दुकान खुल जाती है जो खुलेआम देशी अंग्रेजी शराब बेचने लगता है। लोगों ने यहां तक बताया कि ठेकेदार के लोगों का कहना है आप शराब बेचो और पैसे कमाओ ना आपको कोई कुछ करेगा ना पुलिस बोलेगी हम बैठे हैं। पिछले कई वर्षों से देखा जा रहा है की अनेक युवा बुजुर्ग किराना दुकान वाले पान दुकान वाले होटल वाले ठेकेदार की शराब बेच रहे हैं और उन्हें अच्छा खासा मुनाफा भी हो रहा है और यह लत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय पर हालात यह है कि क्या मंदिर, क्या स्कूल, क्या मस्जिद, क्या घर, क्या मोहल्ला, क्या रोड आपको हर जगह अवैध शराब मिलेगी। यहां पर यह भी सत्य है की जांच और कार्यवाही के नाम पर पुलिस आबकारी चिन्हित लोगों का केस बनाकर ऑफिशियल रिकॉर्ड में जप्ती और कैश की



उपलब्धि बता कर वाहवाही लूटते हैं पुलिस वाले जिस व्यक्ति का केस बनाते हैं उस व्यक्ति द्वारा उसी स्थान पर 1 घंटे बाद फिर से वह शराब बिकने लगती है तो क्या यह माना जाए कि पुलिस सिर्फ केस बनाना ही उसका उद्देश्य है अवैध शराब बिक्री को रोकना उसका उद्देश्य कतई नहीं। क्षेत्र में आज भी जो लोग 10 से 12 साल पहले शराब बेचते थे वह लोग आज भी शराब बेच रहे हैं और उसी स्थान पर शराब बिक रही है बंद नहीं हुई। यह बात अलग है कि उनकी देखा देखी अब हर गली मोहल्ले में नए-नए दुकानदार तैयार हो रहे हैं जिसमे अब महिलाओं की संख्या ज्यादा हो रही है। गली मोहल्ले में बिकने वाली आवेश शराब में महिलाएं सामने आती हैं जिससे आसपास के लोग ना तो विरोध कर सके ना बोल सके और पुलिस भी कभी आए तो डर कर ही आए क्योंकि महिला है। शराब ठेकेदार पैसे कमाने के लिए ठेका लिया है हमारी पुलिस हमारी आबकारी सरकारी पद पर है सरकारी तनख्वाह पर उनका जीवन चलता है वह आज यहां है कल कहां रहेंगे पता नहीं शराब ठेकेदार बाहर से आता है अपना कारोबार करता है और चल देता है लेकिन जो नशे का जहर इस नगर में इस समाज में फैलता जा रहा है उसका नतीजा भी यह समाज भुगत रहा है आए दिन चोरी आए दिन मारपीट आए दिन छेड़छाड़ कबाड़ चोरी अवैध कार्यों की लगातार हो रही वृद्धि, घरेलू हिंसा सड़क दुर्घटना यह सब सामाजिक अपराध इसी शराब के कारण हो रहा है और अब तो ऐसा लग रहा है के सामाजिक अपराध अपराध नहीं रह गया क्योंकि शराब ठेकेदार के चाहने पर ही सब कुछ होता है। अब तो यह प्रतीत हो रहा है कि सरकारी सिस्टम भी शराब ठेकेदार के अनुसार ही काम करते हैं। इतना ही नहीं जो भी शराब ठेकेदार के लोग यहां काम कर रहे हैं उनका भी कुछ पता नहीं है कि वह लोग कहां के रहने वाले हैं उनका चरित्र कैसा है वह लोग कहां रह रहे हैं खबर तो यह है कि आधे से ज्यादा शराब के कर्मचारी SECL के कालरी आवासों में कब्जा जमाए बैठे हैं यानी की कालरी के क्वार्टर में रहकर अवैध शराब के कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों से अब यही अपेक्षा है कि जब भी अभियान चलाएं तो कुछ नए लोगों पर भी केस बनाए और खासकर उन महिलाओं पर भी जो गली मोहल्ले में खुलेआम शराब बेचकर पूरे मोहल्ले में डॉन बनकर बैठी हुई है जिनके डर से ना कोई कुछ कह पता ना कोई बोल पाता।

## खबर संक्षेप

### मनीष कुमार ने एसबीआई शाखा प्रबंधक का पदभार संभाला

**बुढार।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा शहडोल से मार्केट ब्रांच से स्थानांतरित होकर आयें एसबीआई के नवागत शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व बुढार शाखा सुशांत बारजो पदस्थ जिनका स्थानांतरण रायगढ़ के लिए हों गया है जिनके स्थान पर मनीष कुमार ने बुढार एसबीआई का कार्यभार संभाला लिया है। नवागत शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि हमारे बैंक उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ एवं अच्छी बैंकिंग व्यवस्था और ग्राहकों को बैक की सारी सुविधाएं अर्जित होगी।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत करकेली के समीप बन्ना नाला के पास करंट लगने से एक आदिवासी मजदूर की मौत हो गई, खबर है कि मंगलवार देर शाम मृतक मजदूर स्थानीय किसी मकान के पीछे स्थित बाड़ी में कार्य कर रहा था, इसी दौरान वह बाड़ी में बिछाए गए करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना तीव्र था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त एक अन्य मजदूर भी वहां मौजूद था, लेकिन वह कुछ दूरी पर होने के कारण हादसे से बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच एवं पंचनामा कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि करंट जानबूझकर लगाया गया था या लापरवाही का नतीजा है। मृतक की पहचान संतराम पिता रामप्रसाद बैगा निवासी करही टोला करकेली के रूप में हुई है।

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**शहडोल।** प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक देवलोंद ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) के दृष्टिकोण से संरक्षण देने हेतु राज्य के सभी प्रकार के निर्दिष्ट जल क्षेत्रो में मप्र नंदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय अथवा परिवहन करना प्रतिबंधित है। इन नियमों के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम 1981 की धारा-5 तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5000 रु. जुर्माना या दोनो से दंडित किये जाने का प्रावधान है, एवं धारा-3 के तहत उल्लंघनकर्ता द्वारा अवैधानिक मत्स्याखेट एवं परिवहन के उपयोग में लाये जाने वाले पशुओं, गाडियों (कार्ट), जलयानो, बैलो (रेक्टस) नौकायानो (व्हीकल्स) के अधिग्रहण उनके हटाये जाने और उनके जप्ती के प्रावधान है। उक्त नियमो के उल्लंघन पर अधिनियम धारा-5 के अंतर्गत प्रत्येक अपराध संज्ञेय है। नियम के माध्यम से समस्त सम्बंधित व्यक्तियों एवं जनसाधारण से अपेक्षा की गई है कि, इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट न तो स्वयं करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दे। बाणसागर जलक्षेत्र (डूबक्षेत्र) एवं उसमें सम्बंधित सभी नदी-नालों से किसी प्रकार का मत्स्याखेट, विक्रय एवं परिवहन करना भी उपरोक्त नियमों के अन्तर्गत अपराध होगा।

### जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के निर्देशन में मंगलवार को दोपहर 2 बजे से राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स भागीरथ पटेल और डॉ. अजीत सिंह ने दिया। मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार ने बताया कि जनपद स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जनपद पंचायतों में ग्राम पंचायत से पंजीकृत 3600 जलदूतों को प्रशिक्षित करेंगे ।

# हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता है






शहडोल।

पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान संकाय के तत्वावधान में संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में सोहागपुर के अनुविभागीय अधिकारी (एस.डी.एम.) श्री अरविंद शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती पूजन कुलगुरु एवं मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ के माध्यम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पूर्व एक रैली का आयोजन किया गया एवं केंद्र से प्रेषित डॉक्यूमेंटरी चलाई गयी। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग की डॉ. पूर्णिमा शर्मा सहित संकाय के अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।


अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने संविधान की संरचना, उसकी महत्ता तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी रक्षा के लिए युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा भारत का लोकतंत्र बहुत मजबूत है क्योंकि यह न केवल संस्थानों पर आधारित है, बल्कि नागरिकों की आस्था, भागीदारी और विवेक पर भी निर्भर करता है। हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत हमारी जनता है, जो जागरूक है, मतदान करती है, सवाल पूछती है, और संविधान की रक्षा करती है। जब तक नागरिक जागरूक हैं, तब तक भारत का लोकतंत्र अटूट रहेगा।

मुख्य अतिथि अरविंद शाह ने संविधान के मूल तत्वों की रक्षा एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की आवश्यकता पर जोर दिया। संवैधानिक प्रावधानों में आपातकाल कारणों और परिणामो से अवगत कराया भारतीय संविधान निर्माताओ की दूर दृष्टि का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को लोक तंत्र का सजग प्रहरी बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में डीन भाषा विज्ञान विभाग प्रो. विनोद कुमार शर्मा, प्रो.मनीषा तिवारी, प्रो. अनिल गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र सेन, डॉ. शुभम यादव, डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. नीलेश शर्मा, डॉ. सुषमा नेताम, डॉ. संतोष पुरी डॉ. कात्यायनी शुक्ला, डॉ. गोविन्द पाण्डेय, सुश्री प्रिंसी सिन्हा, श्री आशुतोष तिवारी, सुश्री निशा एवं एनसीसी एनएसएस के कैडेटस एवं समस्त विभागों के छात्र उपस्थित रहे । उक्त कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन परिसर प्रभारी डॉ. पूर्णिमा शर्मा जी द्वारा किया गया यह आयोजन छात्रों में संवैधानिक चेतना जागृत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण हेतु प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा कल धूमधाम से निकलेगी नगर भ्रमण को

### जनकपुरी ससुराल में तीन दिवस करेंगे विश्राम



**बुढार।** श्रीरामजानकी मंदिर छिरहा तालाब से 27 जून शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी मइया सुभद्रा भइया बलदाऊ जी के साथ अपने ससुराल जनकपुरी के लिए रथासीन होकर बाजें गाजें के साथ सुसज्जित रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण और अपने भक्तों कों दर्शन देंगे। अपरांह 4'30 बजे मंदिर प्रांगण से निकलेगा जो नगर के रेल्वे मार्केट,मेन रोड, बनियान टोला शारदा मंदिर मार्ग होते हुए नायक निवास में विश्राम करेंगे।साकेत वासी महंत श्री नारायण दास शास्त्री के शुभाशीष एवं महंत राम बालक दास महाराज के सद्प्रेरणा से नगर में भव्यता के साथ हर वर्ष रथयात्रा में विद्वान आचार्य,कीर्तन मण्डली तथा बाजे - गाजे हर्षोल्लास के वातावरण में विशाल जन समूह के साथ विभिन्न मार्गो से होकर निकलेंगे। आचार्य वृंद यजमान भगवान का पूजन -अर्चन करेंगें।नायक निवास में भगवान तीन रात्रि विश्राम कर 30 जून सोमवार को संध्या 4'30 बजे मेंन रोड होकर लखेरन टोला,जैन मंदिर होते हुए श्री राम जानकी मंदिर वापस पहुंचेगी।

## ग्राम भजिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में गुरुवार 26 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# श्री गहोई वैश्य समाज की कार्यकारिणी का हुआ गठन

शहडोल।



श्री गहोई वैश्य समाज की नवीन कार्यकारिणी का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी को जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा रहीं, जबकि अध्यक्षता डीआईजी सुश्री सविता सोहाने ने की। कार्यक्रम में श्री गहोई वैश्य समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि शंकर सुहाने, पूर्व अध्यक्ष राजीव सुहाने, महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू जुड़ेले, डॉ. रामलाल चपरा, डीके रूसिया, श्याम ददरिया, पीसी गुप्ता और पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मुकेश तिवारी भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण और बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती अमिता चपरा ने समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष शशि शंकर सुहाने को शपथ दिलाई।

### एकजुट होकर कार्य करें अमिता चपरा

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अमिता चपरा ने अपने संबोधन में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अब आप सभी पर समाज को एकजुट करने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर समाज के विकास के लिए कार्य करना होगा। श्रीमती चपरा ने यह भी कहा कि आपको जब भी मेरी आवश्यकता महसूस हो मुझे याद करेंगे तो मैं हाजिर हो जाऊंगी। डीआईजी सुश्री सविता सुहाने ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में प्रतिभा छिपी है, जरूरत है उन्हें आगे लाकर मौका प्रदान करने की। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जो लोग सक्षम है, उन्हें दूसरों की मदद करने के लिए आगे आना होगा। समाज के निवर्तमान अध्यक्ष राजीव सुहाने ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

### यह है नवीन कार्यकारिणी

श्री गहोई वैश्य समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि शंकर सुहाने ने इस मौके पर अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की। नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम बड़ेरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार खरया, सत्यप्रकाश सेठिया, मुकेश पिपरसानिया, अजय चपरा व अमित चौदहा, सचिव नीरज कटारे, सह सचिव पुनीत कटारे, कोषाध्यक्ष अमरदीप सेठ, सह कोषाध्यक्ष उज्वल कटारे सहित संगठन मंत्री, आईटी मीडिया सेल खेलकूद समिति और मंच संचालन समिति के पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।

### यह भी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सुभाष गुप्ता, विकास खरया, गौरी शंकर गुप्ता, रविकरण त्रिपाठी, महेश भागदेव, राकेश सोनी, डॉ. सुधा सुहाने, मंजू झुडेले, अर्चना कटारे, नूतन बड़ेरिया, आशा खरया, जया कनकने, मीरा रूसिया, क्षमा ददरिया, प्रिया सिरोल्या संगीता सुहाने, श्रीमती शैल गुप्ता बुढ़ार, स्नेहलता मोर और मीरा सुहाने, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## परमात्मा साथ हो तो किसी बात का डर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में संस्थान की प्रथम प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की सातवां 60 वां स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः बीके दुर्गा बहन द्वारा मातेश्वरी जगदम्बा के तैल्य चित्र समक्ष भोग अर्पित कर मुरली के महाव्याख्या उपस्थित भाई बहनों को सुनाए गए ।

राजयोग संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि आज का दिन ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई बहनों द्वारा मातेश्वरी की शिक्षा और योगदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है । उनकी मीठे विचार और कुशल प्रशासन मधुर शिक्षाएं आज भी हम सबको प्रेरणा देती रहती हैं । उन्होंने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा के व्यक्तित्व में सरलता, मधुरता और निर्भयता का समावेश था। वे कहती थीं कि अगर परमात्मा साथ हो तो फिर किसी भी बात से जीवन में डरना नहीं चाहिए। डरता वो है जो पापकर्म करता है। हम तो श्रेष्ठ कर्म, सत्कर्म करने वाले हैं। ईश्वर के बताए रास्ते पर चलने वाले हैं। दीदी ने आगे बताया कि मातेश्वरी जगदंबा अन्तर्मुखी स्वभाव की थी। वो गुप्त तपस्विनी थी, देखने में तो साधारण लगती थी। लेकिन गुणों की खान थी। मातेश्वरी देवी स्वरूपा थी। मातेश्वरी कुमारी होते हुए भी पुरुषार्थ करके मातेश्वरी यज्ञमाता बनी। अंत में सभी भाई बहनों ने मातेश्वरी जगदंबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया

इस दौरान बीके सुमन बहन एनकेजे नेहा और शिवानी बहन ,मंगल नगर अनिता बहन, मान सरोवर .बेबी बहन झिंझरी बीके ज्योति .बहन कैमोर भारती बहन, बरही दीपा बहन आदि मौजूद रहीं।

*तहसीलदार कटनी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने हो रही कार्यवाही*

## रपटा नाला का प्रवाह बाधित करने वाले निर्माण कार्य को हटाने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




कटनी नगर तहसील के ग्राम खिरहनी पटवारी हल्का नंबर 41 स्थित रपटा नाला के जल स्त्रोत के प्रवाह को बाधित करने वाली निर्मित रिटेनिंग बाउंड्री वॉल को जिला प्रशासन की टीम द्वारा हटाने की कार्यवाही सोमवार से शुरू कर दी गई है। तहसीलदार कटनी नगर बीके मिश्रा ने बताया कि वर्तमान कम्प्यूटर खसरा अभिलेख में खसरा नंबर 553/2/1, 553/3/1, 553/3/2, 553/6 रकबा 0.660, 0.607, 0.144, 0.442 हेक्टेयर प्रवीण बजाज पिता सत्यनारायण बजाज के नाम पर भूमि स्वामी स्वत्व में दर्ज है और भूमि स्वामी हक की भूमि पर कांक्रीट से निर्मित रिटेनिंग बाउंड्री वॉल बनाई गई है। जिससे राजस्व अभिलेख की कैफियत में दर्ज नाला खसरा नंबर 442 का प्राकृतिक बहाव बाउंड्री वॉल निर्मित होने से बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि मौका मुआयना के बाद मुख्य सड़क के दक्षिण दिशा की ओर पुराना पुल निर्मित है तथा पुराने पुल की सीमा दक्षिण पूर्व की ओर बाउंड्री निर्मित है। बाउंड्री निर्माण होने से नाले के स्वरूप में परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है।

निर्मित बाउंड्री रिटेनिंग वॉल से नाले का प्राकृतिक जल बहाव बाधित संभावित प्रतीत होने की वजह से जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। चूंकि रिटेनिंग बाउंड्री वॉल कांक्रीट से बनी हुई है और मजबूत है। इसलिए ब्रेकिंग मशीन से सोमवार से रिटेनिंग वॉल की तुड़ाई का कार्य शुरू किया गया है। सोमवार से शुरू इस कार्यवाही में रिटेनिंग वॉल निर्माण को हटाने की कार्यवाही में कार्यवाही का नेतृत्व तहसीलदार कटनी नगर बीके मिश्रा ने किया। इस दल में तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, प्रभारी राजस्व निरीक्षक सुभाष गर्ग, पटवारी तुलाराम वर्मा, प्रकाश गुप्ता, भानसिंह बागरी और नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह एवं उनके अतिक्रमण दस्ता और थाना प्रभारी एनकेजे अनिल यादव और पुलिस बल का संयुक्त सहयोग रहा।

दूषित पानी व बाहर के खाने से करें परहेज, सर्दी-जुकाम, खांसी होने पर ले चिकित्सकीय परामर्श

# बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों को अनदेखा करना हो सकता है घातक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बारिश का मौसम यूं तो सभी के मन को भाता है और यह मौसम खूब सारी मस्ती लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में बीमारियां भी काफी बढ़ती हैं। इस मौसम में डेंगु, चिकनगुनिया के साथ-साथ पीलिया, टायफाइड, डायरिया जैसी बीमारियां बहुत ज्यादा फैलती हैं। इस मौसम में बच्चे कुछ ज्यादा ही उत्साहित और रोमांचिक होते हैं। लेकिन बरसात में होने वाली मौसमी बीमारियां पर जरा सी लापरवाही आपके तथा आपके परिवार के लिए खतरा बन सकती है। बरसात के मौसम मे सेहत संबंधित सावधानियां रखना बहुत आवश्यक होता है जरा सी भी असावधानी आपको बीमार कर सकती है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

बरसात के मौसम में बीमार होने का मुख्य कारण आस-पास भरा जल भराव, मच्छर व कीड़े, अशुद्ध पानी पीना, वातावरण में नमी, बार-बार भीगना, मौसम के अचानक बदलाव लोगों को बीमार कर देता है। डाक्टरों का कहना है कि इस मौसम में वायरल फीवर सबसे आम समस्या होती है। बरसात के मौसम में सर्र्दी, जुखाम, खांसी, हल्का बुखार तथा सिर में दर्द आदि ये सब वायरल इंफेक्शन दर्शाते हैं।

### बचाव के लिए बरतें सावधानी

चिकित्सकों का कहना है कि बारिश के मौसम में काफी सावधानी रखने की आवश्यकता है, बीमार या संक्रमण होने पर तत्काल चिक्तिसक से सलाह लें अन्यथा यह जानलेवा हो सकता है। मौसम में होने वाले परिवर्तन का स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। ऐसे में यदि खान-पान को लेकर थोड़ी सावधानी बरती जाए तो मौसम का आनंद उठाते हुए खुद को स्वस्थ्य भी रखा जा सकता है। इस बार मौसम के तापमान में बार-बार बदलाव होने के कारण बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरियां और वायरस तेजी से पनप रहे हैं। उन्होने कहा कि इस समय इंफेक्शन, एलर्जी, सर्दी-जुखाम, डायरिया, मलेरिया, टायफाइड तथा वायरल के मरीजों में इजाफा देखा जा रहा है। इस मौसम में साफ-सफाई तथा खान-पान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, बारिश में मच्छरों के पैदा होने की समस्या आम है। ज्यादातर बीमारियों के फैलने का कारण मच्छर तथा आस-पास फैली गंदगी है। इस मौसम में दूषित पानी तथा खाद्य पदार्थो से भी कई बीमारियां फैलती है जैसे हैजा, दस्त, टायफाइड, फूड प्वाजिंग आदि।

### आसपास रखे सफाई

बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों को लेकर डाक्टरों ने बताया कि इस मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जरा भी लापरवाही न बरतें, तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सक को दिखाएं अन्यथा आपकी जरा सी लापरवाही मरीज के लिए जानलेवा स्थिति पैदा कर सकती है।




## रथ यात्रा के दौरान व्यवस्थाएं करने सौंपे गए कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 27 जून शुक्रवार को जगन्नाथ स्वामी मंदिर से आयोजित होने वाली रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त व्यवस्था निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इस संबंध में निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी करते हुए 27 जून दिन शुक्रवार को यात्रा मार्ग जगन्नाथ मंदिर, जगन्नाथ चौक, आजाद चौक, शेर चौक, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, कमानिया गेट एवं सब्जी मंडी मार्ग राधा कृष्ण मंदिर के पास तथा यात्रा वापसी तिथि 4 जुलाई शुक्रवार को सायं 6 बजे और 7 जुलाई दिन सोमवार को भंडारा कार्यक्रम के आयोजन के अवसर पर निगम की समस्त आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करानें के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में निगम के अधिकारियों को यात्रा दिवस एवं यात्रा वापसी दिवस के दौरान प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण एवं जूलूस मार्ग में विशेष साफ-सफाई चूनें की लाईन, कीटनाशक दवा का छिड़काव, कचरा संग्रहण वाहन की व्यवस्था, प्रकाश की समुचित व्यवस्था, मार्ग के गढडों की आवश्यक मरम्मत, जुलूस एवं भंडारे के दोरान आवश्यक पेयजल व्यवस्था एवं जुलूस मार्ग में पेट्रोलिंग कर अस्थाई अतिक्रमण को हटानें की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

ऑपरेशन प्रहार के तहत चचाई पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# माया नगरी से आये गांजा तस्कर अनूपपुर में धराये

**लगभग 72 किलो गांजा के साथ गाड़ी सहित दो आरोपी गिरफ्तार**

**जैतहरी में गांजे के खुदरा बिक्री के पहले ही धरा गया आरोपी**






हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थ खरीदी बिक्री एवं परिवहन करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने का आदेश दिए थे, इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी चचाई के नेतृत्व में 24 जून को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छत्तीसगढ़ अनूपपुर तरफ से एक जाइलो सफेद रंग की महाराष्ट्र पासिंग कार में अवैध मादक पदार्थ गंजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही दो अलग-अलग टीम अलग-अलग रास्तों पर तत्काल लगाया जाकर छत्तीसगढ़ अनूपपुर तरफ से आने वाले वाहनों की निगरानी की गई तभी अनूपपुर चचाई तरफ से एक सफेद रंग की जाइलो गाड़ी आते हुए दिखी जिसे टॉर्च दिखाकर रोकने का प्रयास रेस्क्यू तिराहा अमलाई में किया गया जो रेस्क्यू तिराहा से मेडियारास रोड होते हुए भागने लगी जिसका पीछा कर रेड कार्यवाही कर विजय ग्राउंड के पास से दस्तयाब किया गया।

### पकड़े गये एक पुरूष व एक महिला

उक्त जाइलो कार क्रमांक MH-05- AX- 0937 के चालक सीट पर एक व्यक्ति एवं उसी के पास वाली सीट पर एक महिला बैठी हुई मिली जिनका नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम रिजवान खान पिता निजाम खान उम्र 32 साल निवासी नवी मुंबई तुरबा स्टेशन मस्जिद के पास थाना सानपाड़ा जिला थाना महाराष्ट्र एवं बगल में बैठी महिला ने अपना नाम शबाना अंजुम पति फारुक खान उम्र 35 साल निवासी मोमिनपुरा नासिर खान का मकान टीमकी पुलिस चौकी के पास थाना तहसील जिला नागपुर की होना बतायी।

### कार में मिला 7 लाख 18 हजार का गांजा

उपरोक्त दोनों संदेहियों के निशानदेही पर साक्षी एवं स्टाफ के समक्ष जाइलो कार की तलाशी ली गई तो कार में पुरानी गाड़ी के पाट्र्स गाड़ी के पेट्रोल टंकी खुला हुआ, स्टेरिंग खुला हुआ, साइलेंसर एक बैटरी, एक नग फैन, एक प्लास्टिक का बम्फर, रिपेयरिंग रोड गियर बॉक्स आदि कुल कीमत 100000 तथा सामान के नीचे 01 बैग में कपड़े तथा 06 अलग-अलग बैग थैला में कुल 14 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसका वजन करने पर कुल 71 किलो 820 ग्राम, कुल कीमत 7,18,200 रुपए करीब एवं जाइलो कार क्रमांक MH-05-AX- 0937 कीमत 10 लाख रुपए, उपरोक्त सामान, गंजा, एवं वाहन की कुल कीमत 18,18,200 रुपये मौके से संदेहियो से जप्त की गई। संदेहियों की तलाशी ली गई तो महिला शबाना अंजुम के पास रखा बैग में एक बड़ी बाजारू धारदार चाकू एवं एक छोटी चाकू कीमती 400 व नगद 1200 रूपए 05 नग एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, टच स्क्रीन मोबाइल आदि पाया गया जिसे मौके से जप्त किया गया। उक्त आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया और दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना चचाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है एवं अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### इधर गांजे के खुदरा बिक्री के पहले ही धरा गया आरोपी

मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कांजी हाउस के पास कुसुमहाई रोड के पास एक व्यक्ति सफेद रंग के झोला मे अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखा है। सूचना प्राप्त होने पर थाना जैतहरी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये रवाना होकर उक्त संदेही को घेरा बंदी कर पकडकर नाम पुछा गया जो अपना नाम ओमप्रकाश यादव पिता स्व. बेसाहन यादव उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम चांदपुर थाना जैतहरी का होना बताया जिसके कब्जे से सफेद झोला मे रखे पोलीथीन के अंदर 377.54 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 1600 रू पाया गया जो उक्त आरोपी का कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

### इन खाकी वर्दीधारियों की रही भूमिका

लगभग 72 किलो गांजा जप्ती के मामले मे चचाई थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह, उपनिरीक्षक बीएल गौलिया, सहायक उप निरीक्षक महिपाल प्रजापति, लालमणि, नागेश सिंह, रावेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक विकास दहायत, अशोक बर्मन, मनोज, हेमसिह, आरक्षक नितेश, राकेश, दीपक, प्रकाश, अभय राज, प्रकाश, गुरूप्रसाद एवं महिला आरक्षक सावित्री सिंह की विशेष भूमिका रही वही जैतहरी पुलिस की कार्यवाही मे जैतहरी थाना प्रभारी निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक यूएन मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक विनोद विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक संतोष जायसवाल, आरक्षक मनीष सिंह तोमर की भूमिका रही।

## जिला चिकित्सालय को उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने सोमवार को नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय अनूपपुर को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान किये जाने पर राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन पत्र से सम्मानित किया। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. एस.आर. परस्ते एवं अस्पताल प्रबंधक डॉ. जनमेजय शाक्य ने यह पुरुस्कार प्राप्त किया। यह सम्मान नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के एनक्यूएएस, लक्ष्य व मुस्कान कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय को दिया गया है। जिला चिकित्सालय अनूपपुर को मिले इस पुरुस्कार के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि एनक्यूएएस, लक्ष्य तथा मुस्कान कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन पत्र मिलना गौरव की बात है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।



## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**मंगलवार की रात कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत वार्ड नंबर 9 बिहारी कॉलोनी के पास जैतहरी से अनूपपुर की ओर आने वाली रेलवे लाईन के किनारे एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव स्टेशन मास्टर अनूपपुर की सूचना पर कोतवाली पुलिस अनूपपुर द्वारा बरामद कर प्रारंभिक कार्यवाई कर अज्ञात युवक के शव को जिला अस्पताल अनूपपुर के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाया गया है।**

मृतक युवक काला तथा कत्था रंग का टी-शर्ट,काले रंग का फुल पैन्ट पहना है पास में एक छोटा बैग मिला है मृतक के जेब से पहचान की सामग्री नहीं मिली है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात मृतक युवक किसी ट्रेन से यात्रा करते समय नीचे गिर गया होगा जिसके सिर तथा मुंह में गंभीर चोट आने पर स्थल पर मृत्यु हो गयी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात मृतक की पहचान, पता तलाश करते हुए आम जनो से भी अज्ञात युवक के सम्बन्ध में किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस को दिए जाने की अपील की है।

### जिले में 7.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 7.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1.4, कोतमा में 14, बिजुरी में 15.6, जैतहरी में 4, वेंकटनगर में 5.8,पुष्पराजगढ़ में 9.4 , अमरकंटक में 7 तथा बेनीबारी में 3.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक 28 को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक 28 जून को शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रातः 11 से कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल के सदस्य सचिव तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने दी है उन्होंने बताया कि बैठक में वार्षिक कार्य योजना, वार्षिक प्रतिवेदन के अनुमोदन तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयक चर्चा की जाएगी उन्होंने सर्व संबंधितो से बैठक में उपस्थित की अपील की है।

## जमकर बरसे बदरा, किसानों के चेहरे पर बिखरी खुशियां



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** बुधवार को जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय 2 घंटे जमकर बारिश हुई। तेज बारिश से होने से नदी नालों में जहां उफान पर आ गए वहीं नगर की निचली बस्तियों में जल जमाव हो जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम 4 बजे के आसपास मौसम में बदलाव के साथ तेज बिजली चमकने व बादलों की गर्जना के साथ डेढ़ से 2 घंटे तक तेज बारिश होती रही। झमाझम बारिश से मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा है। लगातार बिजली गरजने से कई जगह लाइटिंग व तार टूटने से बिजली भी बंद हुई जो की 2 घंटे तक अवरुद्ध रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण नगर के निचली बस्तियों में अस्त व्यस्त हो गया। नाली जाम होने से सड़कों के ऊपर पानी बहता रहा साथ ही लोगों के घरों में भी पानी भर गया। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण किसानों के चेहरे में चमक भी देखने को मिल रही है खेती किसानी का कार्य भी तेजी से प्रारंभ हो गया है। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अभी तक बारिश ज्यादा हो चुकी है।

## एकलव्य विद्यालय व तुलसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

### व्याख्यान, डिबेट, निबंध प्रतियोगिता व लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



25 जून को राष्ट्र में आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत अनूपपुर जिले में भी विविध गतिविधियों और कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें व्याख्यान, डिबेट्स, निबंध प्रतियोगिताएं तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप चरणबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए गए। एकलव्य विद्यालय तथा तुलसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रमजिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तथा प्रधानमंत्री एक्सीलेंस तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में संविधान हत्या दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में आपातकाल की स्थितियो की याद करते हुए लोकतंत्र और संविधान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान नागरिक स्वतंत्रता पर प्रकाश डाला गया लोकतंत्र का महत्व विषय पर निबंध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शनभारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा 25 जून संविधान हत्या दिवस के लिए विशेष रूप से तैयार लघु फिल्म का प्रदर्शन भी कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया जिसका उपस्थित जनों ने अवलोकन व श्रवण किया।जिले के सभी स्कूलों, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रमजिले के सभी स्कूलों, छात्रावास, आश्रम, अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, सहित अन्य स्तर पर भी राष्ट्र में आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों ने भागीदारी की इस अवसर पर प्रबुद्ध गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि आदि भी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त भारत के लिए विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

*नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की संख्या में शासकीय मॉडल उत्तर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी में मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संदेश दिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जैतहरी विकासखंड ग्रामीण युवा समन्वयक दिनेश कुमार सिंह चंदेल तथा प्राचार्य कमलेश राठौर तथा विद्यालय शिक्षकों के उल्लेखनीय सहयोग से विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति का संदेश देने मानव श्रृंखला बनाकर हम सब ने ठाना है नशा मुक्त भारत बनाना है जैसे प्रेरक नारे लगाकर नशा के विरुद्ध जन जागरूकता का संदेश दिया।एकलव्य विद्यालय में कल होगा समापन कार्यक्रमराज्य शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप माह भर चले नशा मुक्त भारत अभियान जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत समापन कार्यक्रम 26 जून को एकलव्य विद्यालय अनूपपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विविध जन जागरूकता गतिविधियों मे उत्कृष्ट योगदान के लिए सहयोगियों को पुरस्कृत किया जाएगा।*

### जिले में 46 शिविरों के माध्यम से नागरिक हुए लाभान्वित

## कलेक्टर ने आयोजित होने वाले शिविरों में भाग लेने की अपील

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविरों का आयोजन जिले के समस्त जनपदों में किया जा रहा है। यह शिविर शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने की दृष्टि से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत अनूपपुर में कुल 15 शिविरों का आयोजन हुआ, जिसमें 13,370 हितग्राही सम्मिलित हुए। शिविरों के माध्यम से 348 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य, 907 नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, 56 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। इसी तरह जनपद पंचायत जैतहरी में 14 शिविर आयोजित हुए, जिनमें 16,838 नागरिकों ने भाग लिया। शिविरों के माध्यम से 318 नागरिकों के आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य, 2 जाति प्रमाण पत्र, 350 आयुष्मान कार्ड, 89 किसान क्रेडिट कार्ड, 8 खाद्यान्न पात्रता पर्ची बनाए गए तथा 226 लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई। जनपद पंचायत कोतमा में 9 शिविरों में 4,400 नागरिकों ने भाग लिया। शिविरों के माध्यम से 372 आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए तथा 238 आयुष्मान कार्ड, 17 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। इसी प्रकार जनपद पुष्पराजगढ़ में 8 शिविरों में 2,751 लोगों की सहभागिता रही। शिविरों के माध्यम से 153 आधार कार्डों में आवश्यक सुधार कार्य किए गए तथा 2908 आयुष्मान कार्ड, 73 किसान क्रेडिट कार्ड बनाए गए। इस प्रकार अनूपपुर जिले में कुल 46 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 37,359 नागरिकों ने सहभागिता की। इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन, जनपद पंचायतों, विभिन्न विभागीय अमलों तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

### आज इन स्थानों में आयोजित होंगे शिविर

पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष पिछडी जनजाति (बैगा) समुदाय को संचालित शासकीय योजना से लाभान्वित करने जिला प्रशासन द्वारा जारी शिविर कैलेंडर के अनुसार 26 जून को जिले के जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सड्डी, जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत थानगांव, जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलना में, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगवां में तथा नगर परिषद बरगवां (अमलाई) के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड 12, नगरपालिका बिजुरी के वार्ड नंबर 05, नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 05, नगर परिषद जैतहरी के वार्ड नंबर 05 में, नगरपालिका कोतमा के वार्ड नम्बर 05 में शिविर का आयोजन किया जाएगा।